# कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म | By Sardar Romi |

कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म थे
तुझ जैसा दाता मिला
संवरिया सरकार तुम यारों के हैं यार
मुझे तुझ जैसा दिलदार मिला

एक हम हैं जो हर पल मांगते हैं
एक तुम हो जो झोली भरते हो
एक हम भूले एहसान तेरे
तुम फिर भी कृपा करते हो

भरते हो सदा भंडार
तुम यारों के हो यार
मुझे तुझ जैसा दिलदार मिला

कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म थे
तुझ जैसा दाता मिला

हम पग-पग भूलते हैं
तुम करते हो सदा माफ प्रभु
हम सदा शिकायत करते हैं
तुम रखते दिल को साफ प्रभु

करते हो सदा भव पार
तुम यारों के हो यार
मुझे तुझ जैसा दिलदार मिला

कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म थे
तुझ जैसा दाता मिला

एक हम हैं जो अमृत मांगते हैं
एक तुम हो जो विष का पान किये
रोमी के सुणे जीवन में
तुमने है सदा एहसान किये

मुझपे है किया उपकार
तुम यारों के हो यार
मुझे तुझ जैसा दिलदार मिला

कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म थे
तुझ जैसा दाता मिला

कोई पिछले जनम के अच्छे कर्म थे
तुझ जैसा दाता मिला
संवरिया सरकार तुम यारों के हैं यार
मुझे तुझ जैसा दिलदार मिला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%aa%e0%a4%bf%e0%a4%9b

%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-
%e0%a4%85%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9b%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8d/